# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

16/08/19

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Rajasthan Patrika Ahemdabad (Gujrat)**

# आरएएफ जवानों की कलाइयों पर छात्राओं ने बांधी राखियां




अहमदाबाद. वस्त्राल स्थित 100वीं वाहिनी आरएएफ कैम्प परिसर में बुधवार को रक्षाबंधन मनाया गया, जिसमें बटालियन के कमाण्डेन्ट पुष्पेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी जितेन्द्र कुमार ओझा व बल के सभी अधिकारियों और जवानों की कलाइयों पर छात्राओं और महिलाओं ने राखियां बांधी।

Amar Ujala Meerut (U.P.)

# आतंकी इनपुट पर स्वतंत्रता दिवस पर कड़ी सुरक्षा

## एटीएस कमांडो, दो-दो कंपनी आरएएफ व पीएसी और आठ सीओ, करीब एक हजार पुलिसकर्मी तैनात

माई सिटी रिपोर्टर





स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रेलवे सिटी स्टेशन पर आरएएफ के साथ चेकिंग करते एसपी सिटी अखिलेश नारायण सिंह।

मेरठ। जम्मू कश्मीर में 370 और 35 ए हटने के बाद वेस्ट यूपी में आतंकी इनपुट मिला है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में नाकाबंदी कर दी गई है। शहर में इंट्री करने वाले प्वाइंट पर चप्पे-चप्पे पर आरएएफ, पीएसी, पुलिस तैनात कर दी गई है। वाहनों की चेकिंग के साथ मॉल, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व होटलों में चेकिंग शुरू की गई है। वहीं एटीएस के 40 कमांडो शहर में तैनात किए गए हैं।

एसएसपी अजय साहनी के मुताबिक आतंकी इनपुट को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। दो कंपनी आरएएफ और दो कंपनी पीएसी बुलाई गई है। साथ ही बुधवार शहर के अतिसंवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया गया। शहर में प्रवेश करने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है। बाहरी नंबर के वाहनों की तलाशी भी ली गई। शहर को सात सेक्टर में बांटा गया है। इसमें सात सीओ की ड्यूटी लगी है। एक सीओ सेक्टरों की मानीटरिंग करेंगे।

मॉल, होटल, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थलों समेत कई जगहों पर एलआईयू और थाना पुलिस चेकिंग कर रही है। डॉग स्कवायड और बम डिस्पोजल दस्ता भी टीम में शामिल हैं। एसपी सिटी एएन सिंह, सीओ कैंट संजीव देशवाल, सीओ सिविल लाइन हरिमोहन सिंह, सीओ ब्रह्मपुरी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ कोतवाली दिनेश शुक्ला ने सभी थानेदारों के साथ चेकिंग अभियान चलाया। कैंट में आर्मी की क्यूआरटी टीम भी सहयोग कर रही है।

Hindustan Muzaffarpur (U.P)

# दामोदरपुर विवाद में दूसरे दिन बैरिया गोलंबर पर बवाल

मुजफ्फरपुर | वसं/कासं

डीजे बजाने को लेकर दामोदरपुर में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प व बवाल के बाद मंगलवार को भी तनाव रहा। एक पक्ष ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए बैरिया गोलंबर को जाम कर टायर जलाए। तीन घंटे तक बवाल की स्थिति रही। इस बीच, एसडीओ (पश्चिमी) अनिल कुमार दास ने धारा 144 लगाने का आदेश जारी किया। निषेधाज्ञा 15 अगस्त की सुबह छह बजे तक लागू रहेगी।

बैरिया गोलंबर के चारों तरफ टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन करने से भीषण जाम का संकट खड़ा हो गया। पटना, हाजीपुर, मोतिहारी, बेतिया, दरभंगा, सीतामढ़ी व समस्तीपुर आदि इलाकों में जाने वाली दर्जनों बस व ट्रक फंसे रहे। सुबह साढ़े दस बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक ट्रैफिक ठप रहा। इससे बस में सवार यात्रियों के अलावा राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। जाम के बीच से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे बाइक सवार लोगों के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।

➤देखें पेज 08



## गिरफ्तारी पर अड़े थे

अहियापुर थाना पुलिस के अलावा पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में जवान पहुंचे। नगर डीएसपी मुकुल कुमार रंजन व अन्य अधिकारी आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाने की कोशिश किये। लेकिन, लोग दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। नगर डीएसपी ने वीडियो फुटेज के आधार पर दामोदरपुर बवाल में शामिल दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।

## Prabhat Khabar Jamshedpur (Jharkhand)

# प्रयास एक कदम की महिलाओं ने जवानों को बांधी राखी



**जमशेदपुर.** रक्षा बंधन को लेकर बुधवार को सामाजिक संस्था प्रयास एक कदम की महिला सदस्यों ने सुंदरनगर स्थित रैफ कैंप में जवानों को राखी बांधी. इस मौके पर कमांडेंट पीके सिंह, उप कमांडेंट अनामी भारण समेत रैफ जवान व पदाधिकारी मौजूद थे. वहीं, संस्था की अध्यक्ष रेणु शर्मा, सुष्मिता बनर्जी, राधा देवी, मंजू राव, संगीता शर्मा, वंदना, इंदू पात्रा, अरविंदर कौर आदि मौजूद थीं.

## Prabhat Khabar Jamshedpur (Jharkhand)

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ चार सफल ऑपरेशन चला चुके हैं राजेंद्र नाथ मल्लिक

# सीआरपीएफ 106 बटालियान के असिस्टेंट कमांडेंट को गैलेंट्री अवार्ड

**वरीय संवाददाता** ▷ जमशेदपुर

**जमशेदपुर** स्थित सीआरपीएफ 106 बटालियन में पदस्थापित असिस्टेंट कमडिंट राजेंद्र नाथ मल्लिक को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के त्राल में अप्रैल 2018 में आतंकियों के साथ हुए मुठभेड़ के लिए पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री मिला है. राजेंद्र नाथ मल्लिक जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ चार बड़े ऑपरेशन का नेतृत्व किये हैं. 2017 में आतंकियों के साथ 48 घंटे मुठभेड़ का नेतृत्व किये थे, जिसमें दो आतंकी मारे गये थे. दूसरे ऑपरेशन में तीन आतंकी मारे गये थे. अप्रैल 2018 में हुई तीसरे मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गये थे. लगातार सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने पर वे आतंकियों के हिट लिस्ट में आ गये थे और उन पर जून 2018 में हमला किया गया था. कोलकाता निवासी राजेंद्र नाथ मल्लिक को इससे पूर्व तीन बार पुलिस मेडल गैलेंट्री तथा सात बार महानिदेशक सराहनीय पदक (डीजी डीआइएसइ पुरस्कार) व एक बार पराक्रम पदक मिल चुका है.



असिस्टेंट कमांडेंट राजेंद्र नाथ मल्लिक.

**इंजीनियर की नौकरी छोड़ कर फोर्स ज्वाइन किया :** कोलकाता निवासी राजेंद्र नाथ मल्लिक के पिता रेलवे सुरक्षा बल में असिस्टेंट सिक्यूरिटी कमिश्नर थे, जिसके कारण बचपन से उनकी इच्छा फोर्स ज्वाइन करने की थी. फिजिक्स में बीएससी व एमसीए करने के बाद उन्होंने कोलकाता स्थित आइबीएम में सॉफ्टवेयर डेवलपर की नौकरी की, लेकिन इस कार्य से वे संतुष्ट नहीं थे और लगातार प्रतियोगी परीक्षा दे रहे थे. 2010 में यूपीएससी सेंट्रल आर्म्स पुलिस फोर्स की परीक्षा पास की और उन्होंने फोर्स ज्वाइन की. इस निर्णय में उन्हें परिवार और पत्नी का सहयोग मिला. प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी ड्यूटी सीआरपीएफ 180 बटालियन त्राल (जम्मू-कश्मीर) में लगी और कुछ दिनों बाद उन्हें आतंकरोधी अभियान में शामिल किया गया, जिसके बाद से वे आतंकियों के खिलाफ लगातार तीन बड़े ऑपरेशन में शामिल रहे.

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग
चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची-834010
विशेष शाखा आरक्षी (क्लोज कैडर) प्रतियोगिता परीक्षा-2018

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**